Title: Need to introduce early the Women Reservation Bill.

श्री माधवराव सिंधिया (गुना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ही नम्रता के साथ सदन को याद दिलाना चाहूंगा कि अपनी स्वेच्छा से, अपनी कटिबद्धता से राष्ट्रीय स्तर पर अगर किसी ने भी अल्पसंख्यकों के लिए, महिलाओं के लिए, पिछड़े वर्गों के लिए अपने ही संगठन में व्यवस्था की है तो वह कांग्रेस पार्टी है। इससे हमारी कटिबद्धता कमजोर वर्गों के प्रति, महिलाओं के प्रति जाहिर होती है।

... (व्यवधान)

मैं बहुत नम्रता के साथ याद दिलाना चाहूंगा कि अगर इस देश में पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था की गई तो वह कांग्रेस पार्टी ने की थी। दूसरे लोग देश में विस्फोटक स्थिति पैदा करते रहे हैं। पिछड़े वर्ग के लोगों के आरक्षण की व्यवस्था इस राष्ट्र में शांतिपूर्वक ढंग से कांग्रेस ने की। मैं कहना चाहता हूं कि हमारा लक्षय महिलाओं को, कमजोर वर्ग के लोगों को सत्ता में भागीदारी देना है। महिलाओं को सत्ता में पूरी तरह से भागीदारी नहीं दी गई है।

... (व्यवधान)

सत्ता में भागीदारी देने के लिए हम महिलाओं को ऐम्पावर करना चाहते हैं।

... (व्यवधान)

जो आम सहमति इस सदन में बनेगी, उस आम सहमति के साथ हम पूरी तरह समर्थन करने के लिए तैयार हैं। महिला विधेयक को टाला नहीं जा सकता है। इसलिए हम सरकार से कहना चाहते हैं कि महिला बिल को जल्दी से जल्दी लाया जाए और इस पर चर्चा हो। जब आम सहमति होगी तो उसका समर्थन कांग्रेस पार्टी करेगी। महिलाओं को जल्दी से जल्दी सत्ता में भागीदारी दी जाए, यह हमारी सरकार से मांग है।

... (व्यवधान)

">SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): Sir, the NDA is committed to introduce Women"s Reservation Bill. Shri Pramod Mahajan has categorically announced it on the floor of the House that in this current Session this Bill will be introduced.

"> We, Trinamool Congress, are also committed in our Election Manifesto for providing 33 per cent reservation to women.

"> Sir, the hon. Prime Minister has started initiating dialogue with all parties in regard to Comprehensive Test Ban Treaty. We also urge the Prime Minister to take initiative in consulting with all other political parties so far as the Women"s Reservation Bill is concerned. This Session will be concluded within three days. We humbly submit to the Government that as per our Election Manifesto, 33 per cent reservation to women is a must and Trinamool Congress stands by this announcement. We want to reiterate our confidence and affirm our confirmation on this Bill.

">SHRI G.M. BANATWALLA (PONNANI): Sir, we have repeatedly told in this House that if there is any section of our society that needs reservation very badly, it is the Muslims, the minorities, and the OBC. It is absolutely necessary that steps be taken to provide reservation for the Muslims, reservation for the minorities, and reservation for the OBC. So, I must reiterate that if there is any section in our society that needs reservation very badly, it is the Muslims, the minorities, and the OBC.

"> Sir, I would remind this House that when our draft Constitution was being prepared, it had a clause of reservation for Muslisms. That clause was later on dropped. But at the time when the clause was being dropped, the then President of the Indian National Congress, Shri Pattabhi Sitaramaiah had said in this particular House, in the Constituent Assembly, "We have now promised due reservation to the minorities, due reservation to the Muslims and though there may not be a constitutional provision, yet the reservation should continue.

"> I must therefore say that this particular Bill should be dropped altogether. ... (Interruptions)

"> श्री मदन लाल खुराना (दिल्ली सदर): उपाध्यक्ष जी, १ जनवरी, २००० से पूरे देश में समान बिक्री कर की योजना लागू हो जाएगी, इससे दिल्ली की आमदनी आधी रह जाएगी ... (व्यवधान)इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए हमें मौका नहीं दिया जा रहा है

... (व्यवधान)

">

">MR. DEPUTY-SPEAKER: They have not allowed even Shri Madhavrao Scindia to speak. It is condemnable.

"> ... (Interruptions)

">SHRI G.M. BANATWALLA : Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would submit that the proposed Women"s Reservation Bill which the Government wants to introduce must be dropped altogether. I appeal to the Government to come forward with a Bill, which is the real response to the prevalent situation with respect to representation of the various sections of the society in the House. I must appeal to the Government to come with a Bill in order to provide reservation for the Muslims, in order to provide reservation for the minorities, and in order to provide reservation for the OBC. That is the need of the hour.

"> श्री रामदास आठवले : उपाध्यक्ष महोदय, महिला आरक्षण विधेयक के बारे में मेरी सूचना इतनी है,

">

"> उपाध्यक्ष महोदय: क्या है?

">

"> श्री रामदास आठवले (पंढरपूर): उनको आरक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी ने जो मांग की है कि महिला आरक्षण विधेयक जल्दी से जल्दी भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लाना चाहिए।

">

"> प्रमोद महाजन जी ने दो दिन पहले ही सदन में आश्वासन दिया है कि वे जल्दी से जल्दी इस बिल को लाने वाले हैं। दो दिन बाद इस सदन की कार्यवाही समाप्त होने वाली है, लेकिन आप इस बिल को कब लाने वाले हैं। इस बिल के बारे में भारतीय जनता पार्टी के मन में आम-सहमति कराने की इच्छा है या नहीं, लेकिन हमारे मन में शंका है। मुलायम सिंह जी ने अपनी बात कही है और कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि ३३ परसेंट रिजर्वेशन मिलना चाहिए। इसके लिए हमारा पूरा समर्थन है, लेकिन ३३ परसेंट रिजर्वेशन में

">

">SC, ST, OBC ... (

"> व्यवधान) खुराना जी, आप हमारी बात सुनिए।

... (व्यवधान)

">

"> श्री मदन लाल खुराना : यह ठीक नहीं है। यह नहीं होना चाहिए। ...

">

"> (व्यवधान)

">

"> उपाध्यक्ष महोदय :

">

">I have condemned their action.

"> आप इनकी भी सुनिए।

">

"> श्री मदन लाल खुराना : सुन तो रहे हैं, लेकिन हमारी भी तो सुनिए।

">

">

... (व्यवधान)

">

"> श्री रामदास आठवले : मदल लाल खुराना जी, आपको सुना है, आप हमारी सुनिए। आपकी सरकार है, इसलिए आपको सुनना पड़ता है, लेकिन आपको भी हमारी बात सुननी पड़ेगी। क्योंकि आपकी सरकार जाने के बाद हमारी सरकार आने वाली है। आप ऐसा मत समझिए कि आपकी सरकार आई है, तो १०-२० साल राज करेंगे। ऐसा आपके मन में विचार है, तो हम उस विचार को चलने नहीं देने वाले हैं।

">

"> मुलायम सिंह जी ने महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कही है। जो महिलाओं के लिए आरक्षण का विधेयक आ रहा है, उस ड्राफ्ट में

">

">SC, ST, OBC

"> और माइनोरिटीज के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इस बारे में कांग्रेस पार्टी ने दलितों और आदिवासियों के लिए बहुत अच्छा काम किया है, इस विधेयक में भी कांग्रेस पार्टी के सपोर्ट के बिना दो-तिहाई मैजोरिटी होने वाली नहीं है। इसलिए इस विधेयक को पास करने की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी के हाथ में जरूर है, क्योंकि वह विपक्ष में है। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी से निवेदन करना चाहता हूं कि

">

">SC, ST, OBC

"> और माइनोरिटीज को रिजर्वेशन देने की जो बात है, वह ड्राफ्ट में आनी चाहिए। आप कह रहे हैं कि एक बार इसको आने दीजिए, लेकिन एक बार आ गया, तो हमको जाना पड़ेगा। मेरा निवेदन है कि ... (व्यवधान) पहले महिलाओं के लिए आरक्षण की बात हो जाए, तो बाद में बोडोलैंड की बात कर लेना। मैं बताना चाहता हूं कि ड्राफ्ट के आने से पहले गड़बड़ करने की आवश्यकता नहीं है। इसको आप अगले सैशन में ला सकते हैं। इस बिल पर चर्चा को टालते हुए, मैं सरकार को बताना चाहता हूं कि

... (व्यवधान)

">

"> उपाध्यक्ष महोदय : यह आइटम आज के लिस्ट में भी नहीं है, ये लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं, यह बताइए।

">

"> श्री रामदास आठवले : इसके बारे में हमारा इतना ही कहना है कि इस ड्राफ्ट में आम-सहमति की बात है, तो आम-सहमति हो सकती है। इस बिल में महिलाओं को रिजर्वेशन देने के बारे में रिवोल्यूशनरी डिसीजन है। दुनिया में भारत देश सबसे आगे है। महिलाओं को रिजर्वेशन देने की बात बाबासाहिब अम्बेडकर ने कही थी, लेकिन बाबासाहिब अम्बेडकर जी को महिलाओं को रिजर्वेशन देने का मौका नहीं मिला। आज बाबासाहिब अम्बेडकर और लोहिया जी के सपने को पूरा करने का मौका हमारे सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी इसके विरोध में है कि यह बिल जल्दी नहीं आना चाहिए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे किस-किस के विरोध में है?

... (व्यवधान)

मेरा निवेदन इतना ही है

... (व्यवधान)

">

"> उपाध्यक्ष महोदय : आप जल्दी पूरा कीजिए।

">

"> श्री रामदास आठवले : अभी मेरा पूरा नहीं हुआ। यह काम जल्दी होने वाला नहीं है। जो काम जल्दी होने वाला होता है, वहां मैं अपना भाषण जल्दी करता हूं, लेकिन जहां नहीं होता है, वहां जल्दी करने से क्या फायदा है। इसलिए कांग्रेस वालों से मेरा निवेदन है कि राजीव गांधी जी ने ३३ परसेंट रिजर्वेशन की बात कही थी, उनके सपने को पूरा करने के लिए आप उनको सपोर्ट कर रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन कांग्रेस वाले बीजेपी से मिले हैं, ऐसा हम नहीं मानते हैं। कांग्रेस वालों ने जो-जो पालिसी बनाई थी, उन पालिसीज को ये लोग अपना रहे हैं।

">

"> इसलिए आपको सपोर्ट करना ही पड़ता है। अगर कोई भी पार्टी सरकार में आती है तो उसे इस पालिसी को अपनाना ही पड़ता है,

... (व्यवधान)

लेकिन अगर हमारी सरकार आएगी तो हम ऐसा नहीं करने वाले हैं। **">**

"> आखिर में मैं इतना ही बताना चाहता हूं कि इस बिल को जल्दी से जल्दी लाना चाहिए, मगर अगले सत्र में इस बिल को लाना चाहिए। एससी, एसटी और माइनोरिटीस का

">

"> जो प्रावधान है, उसे स्वीकारने के बाद ही आपको इस बिल को लाना चाहिए, यह हमारी मांग है।

">

"> श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : महोदय, मैंने स्पष्ट रूप से यह बात कही कि हमारे उपनेता श्री माधवराव जी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस ने हमेशा से ओबीसी, माइनोरिटीज़ और एससी, एसटी के लिए आरक्षण की सुविधा का समर्थन किया है और आज भी कांग्रेस को कोई गुरेज़ नहीं है। अगर महिला आरक्षण बिल में माइनोरिटीज़, ओबीसी और एससीएसटी को आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस सर्वसम्मति से इन सभी वर्गों के आरक्षण के लिए तैयार है, परन्तु इस बिल को अविलम्ब लोकसभा में पेश किया जाए और पेश करने के बाद सर्वानुमति बनाने और सभी वर्गों को आरक्षण देने में कांग्रेस इस सदन को सहयोग करेगी।

">